प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 21.11.2026

थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 59 ग्राम अवैध स्मैक एवं स्मैक बिक्री से संबंधित 250/- रुपये बरामद।

दिनांक 20.11.2026 को थाना लिंकरोड पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त सत्यपाल उर्फ विक्की पुत्र संतराम निवासी ग्राम कडकड माडल फाटक के पास थाना लिंकरोड गाजियाबाद मूल पता ग्राम बेहटा पाठक थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर उम्र करीब 20 वर्ष को कडकड फाटक के पास बृजविहार थाना लिंकरोड गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 59 ग्राम अवैध स्मैक एवं स्मैक बिक्री के 250/- रुपये बरामद हुए। उक्त बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना लिंकरोड पर धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं दिल्ली से चोरी-छिपे स्मैक खरीद कर लाता हूँ तथा गाजियाबाद व सीमापुरी दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों में छोटी-छोटी पुडिया बनाकर राह चलते लोगों को बेच देता हूं। यह रुपये जो मुझसे बरामद हुए हैं यह स्मैक बिक्री के ही हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

सत्यपाल उर्फ विक्की पुत्र संतराम निवासी ग्राम कडकड माडल फाटक के पास थाना लिंकरोड गाजियाबाद मूल पता ग्राम बेहटा पाठक थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर, उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरणः-

कब्जे से 59 ग्राम अवैध स्मैक एवं स्मैक बिक्री से संबंधित 250/- रूपये बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्त के विरुद्ध थाना लिकंरोड पर एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

थाना लिंकरोड पुलिस टीम।